41 जोड़े आज बंधेंगे परिणय सूत्र में

जयपुर। अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ महासभा (ऑल इंडिया) के तत्वावधान में बैनाड़ा धाम स्थित समाज की धर्मशाला में रविवार को विशाल सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जिसमें 41 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। सम्मेलन को लेकर महासभा मीडिया से रूबरू हुई।

सम्मेलन की सूचना देते हुए महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचंद शर्मा ने बताया कि महासभा का जयपुर-दौसा संभाग में 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। सम्मेलन में लगभग 25 हजार से ज्यादा समाजबंधु भाग लेंगे। सम्मेलन में कोई अव्यवस्था न हो, इसके लिए समितियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के जरिये जरूरतमंद को मदद पहुंचे, यह महासभा का हमेशा ध्येय रहा है। सम्मेलन में 51 प्रकार का सामान भामाशाहों की तरफ से वर-वधु को दिया जाएगा। महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश बसवाला ने बताया कि सम्मेलन में समाजबंधुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री सीताराम अलियाबाद ने सम्मेलन की रूपरेखा के बारे में बताया। उन्होंने कहा किमहासभा की राष्ट्रीय स्तर की मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। कोषाध्यक्ष डॉ. शंभूलाल कुईवाला ने अब तक हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 16 जून के समारोह में राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े नेताओं व सामाजिक संगठन से जुड़े पदाधिकारियों व साधु-संतों को आमंत्रित किया गया है।

कमरे में आग लगने के बाद दम घुटने से दम्पति की मौत

जवाहर नगर इलाके में राम गली नंबर 7 की घटना

- धुएं में दम घुटने से दम्पत्ती अचेत हो गए
- एसी में शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग
- पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से करीब 10 मिनिट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया

जयपुर। राजधानी के जवाहर नगर इलाके में राम गली नंबर 7 में शनिवार शाम को एसी में शॉर्ट सर्किट से घर में आग लग गई। धुएं में दम घुटने से रिटायर्ड बैंक मैनेजर और उनकी इंटीरियर डिजाइनर पत्नी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि हादसे में प्रवीण वर्मा (65) और उनकी पत्नी रेणु (60) की मौत हो गई। शाम करीब 4:40 बजे पति-पत्नी कमरे में सो रहे थे। मकान के एसी में शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक आग लग गई। खिड़की और दरवाजे बंद होने के कारण आग के धुएं से दम घुट गया। बुजुर्ग पति-पत्नी बेहोश होकर बेड से नीचे गिर पड़े।

आग का पता चलने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर विग्रेड को दी। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से करीब 10 मिनिट की मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

फायर ब्रिगेड के कर्मचारी धुएं के बीच घर में घुसे फायर मेन महेश सिरोहिया ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम की सूचना पर घाटगेट फायर स्टेशन से दमकल मौके पर पहुंची। ड्राइवर लेखराज मीना और कर्मी रामकिशोर मीना के साथ रेस्क्यू किया गया। मकान के अंदर धुआं भरा हुआ था। गेट को धक्का देकर अंदर घुसे। धुएं के कारण ज्यादा दिखाई नहीं दे रहा था। वेंटिलेशन के लिए कांच तोड़ा गया। इसके बाद घर में सर्च किया गया।

महेश सिरोहिया ने बताया कि घर के अंदर एक कमरे में जमीन पर कुछ टकराया। देखा तो महिला के होने का पता चला। तुरंत बाहर लाया गया। दोबारा सर्च करने पर उसी जगह पर एक बुजुर्ग पड़े मिले। उन्हें भी मकान के बाहर उठाकर लाया गया। पुलिस दोनों को हॉस्पिटल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बेटा विदेश गया हुआ है (आदर्श नगर) लक्ष्मी सुथार ने बताया- प्रवीण वर्मा रिटायर्ड बैंक मैनेजर थे। उनकी पत्नी रेनू घर के बाहर एक शॉप में इंटीरियर डिजाइनर का ऑफिस चलाती थी। इकलौता बेटा हर्षित डॉक्टर है और थाइलैंड गया हुआ है। हादसे के वक्त ऑफिस में रखे दोनों वर्कर चेतराम और मुकेश साइट पर गए थे।

चाकू दिखाकर दुकानदार को लूटा

जयपुर। सोडाला थाना इलाके में चाकू दिखाकर दुकानदार से बदमाश पर्स और मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि बदमाशों ने पीड़ित दुकानदार को जान से मारने की धमकी दी और जाते समय धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाश बाइक पर सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने सूचना पर नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात देवी नगर श्याम नगर निवासी आशीष कांगसिया (25) के साथ हुई। अजमेर रोड पर आशीष की चश्मे की शॉप है। गुरुवार रात वह मोबाइल पर बात करते हुए पैदल घर लौट रहा था। सोडाला सर्किल के पास तीन लड़कों ने बाइक आगे लगाकर रोक लिया। बाइक से उतरकर एक बदमाश ने उसके गले पर चाकू लगा दिया। दूसरे बदमाश ने उसे पीछे से पकड़ लिया। बदमाशों ने चाकू की नोक पर मोबाइल और जेब में रखा पर्स निकला लिया। धक्का मारकर बदमाशों ने आशीष को रोड पर गिरा दिया। तीनों बदमाश बाइक पर बैठकर फरार हो गए।

नशीला पदार्थ पिलाकर कोचिंग छात्रा से दुष्कर्म

जयपुर। महेश नगर थाना इलाके में नशीला पदार्थ पिलाकर एक कोचिंग छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मामले की जांच सहायक पुलिस आयुक्त सोडाला योगेश चौधरी कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दौसा निवासी 26 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह करीब 2 महीने पहले जयपुर में कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी करने आई थी। जयपुर आते समय बस में उसकी मुलाकात पिंटी गुर्जर से हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने उससे दोस्ती कर मोबाइल नंबर ले लिए।

मोबाइल पर दोनों एक-दूसरे से बात करने लगे। आरोप है कि मिलने के बहाने आरोपी पिंटी गुर्जर ने उसे रिद्धी-सिद्धी चौराहा बुलाया। कार लेकर मिलने आरोपी ने उसे अंदर बैठा लिया। कार में इधर-उधर घूमने के दौरान उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में आरोपी ने दोस्त के कमरे पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म कर उसके अश्लील वीडियो बना लिए। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील वीडियो दिखाकर धमकाया। अश्लील वीडियो से ब्लैकमेल कर देह शोषण करने लगा। डिलीट करने की कहने पर गंगापुर आकर मिलने को कहा। 9 जून को गंगापुर मिलने जाने पर सुनसान जगह ले जाकर कार में दुष्कर्म किया। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान पीड़िता थाना पहुंची और मामला दर्ज करवाया।

पन्द्रह लाख लूट की वारदात में शामिल बदमाश गिरफ्तार

- इस मामले में पुलिस युवती सहित चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

जयपुर। राजधानी के अशोक नगर थाना पुलिस ने 24 अप्रैल को कार्यालय में कार्यरत महिलाओं को हथियार दिखाकर 15 लाख लूट मामले में शामिल गैंग के आखिरी आरोपी को सवाई माधोपुर जिला कारागार से प्रोडक्शन वारंट पर बापर्दा गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस युवती सहित चार लोगों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि अशोक नगर थाना पुलिस ने 24 अप्रैल को इलाके में कार्यालय में कार्यरत महिलाओं को हथियार दिखाकर 15 लाख लूट मामले में शामिल गैंग के आखिरी आरोपित संदीप नायक उर्फ दीपक उर्फ दीपू निवासी सूरतगढ़ जिला झुंझुनूं को सवाई माधोपुर जिला कारागार से प्रोडक्शन वारंट पर बापर्दा गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी संदीप नायक उर्फ दीपक उर्फ दीपू डीवाईएस (दीपू, योगेश व सूरज) ग्रुप का सरगना है। इस ग्रुप में में करीब 50 सदस्य है। डीवाईएस ग्रुप का सरगना, सदस्य पैसे लेकर, मारपीट, आगजनी, फायरिंग, हत्या के प्रयास व लूटपाट की घटनाएं कारित करते है।

गौरतलब है कि ऑफिस में काम करने वाली महिला शिप्रा गुप्ता तलाकशुदा है, जो बहुत ही सामान्य परिवार से एवं वर्तमान के चलते धनाढ्य व्यक्तियों की तरह शौक रखती है।

जिसने ऐशों आराम की जिन्दगी जीने की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये, अपने दोस्त मुकेश गुप्ता के साथ योजनाबद्ध तरीके से मनजीत सिंह के मार्फत भरत सिंह से सम्पर्क किया गया और लूट की वारदात को अंजाम दिया गया।

वारदात के दौरान आरोपी शिप्रा गुप्ता मौके पर मौजूद रहकर आरोपियों को घटनास्थल के बारे में जानकारी देती रही तथा मुकेश गुप्ता घटनास्थल परिसर के बाहर खडा रहकर निगरानी करता रहा। वारदात के बाद भरत सिंह व संदीप नायक उर्फ दीपक उर्फ दीपू लूट की राशि लेकर मौके से फरार हुए । जिनके साथ मुकेश गुप्ता भी राह दिखाता हुआ

अपनी स्कूटी से उनके साथ निकल गया। इसके बाद ग्राम नांगल सिरस हरमाड़ा पहुंचकर आपस में लूट की राशि का बंटवारा किया गया। इस मामले में पुलिस शिप्रा गुप्ता, मुकेश गुप्ता ,मनजीत सिंह और भरत सिंह को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है।

सार्वजनिक निर्माण विभाग में पदों का पुनर्गठन

जयपुर, (का.सं.)। सार्वजनिक निर्माण विभाग में पदों का पुनर्गठन किया गया। अब विभाग में पुनर्गठन के तहत संस्थापन अधिकारी के 8 पद (कुल 33 पद), प्रशासनिक अधिकारी के 26 पद (कुली 101 पद) एवं अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के 28 पद (कुल 228 पद) हो गये हैं। मंत्रालयिक अधिकारी/कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नवल किशोर सैनी के अथक प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है। सैनी ने बताया कि विभाग में लगभग एक वर्ष से पुनर्गठन की पत्रावली लंबित चल रही थी, जिसे आचार संहिता के बाद मात्र एक सप्ताह में निस्तारित करवा दिया गया है। शीघ्र ही विभाग में डीपीसी की कार्यवाही करवाकर पदस्थापन करवाया जाएगा।

महेश नवमी का शताब्दी समारोह हर्षोउल्लास से मनाया

जयपुर, (का.सं.)। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपना वंशोत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' ज्येष्ठ मास में शुक्ल पक्ष की नवमी शनिवार को शताब्दी समारोह अमृत महोत्सव के रूप में मनाया गया। इस मौके पर भगवान महेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा की गयी। माहेश्वरी समाज, जयपुर के अध्यक्ष केदारमल भाला ने बताया कि संगठन की स्थापना के 100वां वर्ष होने के कारण सभी कार्यक्रम शताब्दी समारोह अमृत महोत्सव बड़े हर्षोउल्लास से मनाया गया।

महामंत्री मनोज मूंदड़ा तथा आयोजन के संयोजक विजय मोहता ने बताया कि यह शोभायात्रा विधाधर नगर में निकाली गयी। इसमें शिव बारात तथा समाज के 72 उमरावों से सुसज्जित संदेशप्रद झांकिया भी निकाली गयी। भगवान महेश की भव्य शोभा यात्रा सायं 5.00 बजे माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर से लवाजमें एवं बैंड बाजे के साथ विभिन्न्न झांकियों एवं भगवान महेश के रथ के साथ प्रारम्भ होकर विद्याधर नगर के विभिन्न्न मार्गों से होती हुई श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन उत्सव पहुंची, मार्ग में जयपुर के अनेक विशिष्टजनों द्वारा आरती की गयी व समाज बंधुओं द्वारा ठण्डाई एवं अल्पाहार से शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के भामाशाहो की ओर से दिए गए दान से कोष बनाया जाएगा। इससे समाज के असहाय तबके की हरसंभव मदद की जाएगी व युवाओं का रोजगार मुहैया कराया जायेगा। वर्तमान में 400 परिवारों को मासिक सहायता व कन्यादान सुविधा के साथ ही समाज की विधवा महिलाओं को पेंशन मुहैया करवाई जा रही है।

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर ने अपना वंशोत्पत्ति दिवस 'महेश नवमी' शताब्दी समारोह अमृत महोत्सव के रूप में मनाया।

सार-समाचार

कर्नल राठौड़ ने पशुपतिनाथ के दर्शन किये

जयपुर। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मुहाना स्थित श्री सिद्ध पीठ धाम श्री पशुपतिनाथ मंदिर में पाटोत्सव के शुभ अवसर पर दर्शन-पूजन किया और कैलाश महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त कर सभी के सुख-समृद्धि और संपन्नता की कामना की। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने क्षेत्रवासियों से शिष्टाचार भेंटकर कुशलक्षेम जाना और सबके साथ प्रसाद ग्रहण किया। राठौड़ ने पाटोत्सव के अवसर पर महाआरती एवं ब्रह्मलीन अशोक महाराज की मूर्ति का अनावरण कर भगवान पशुपतिनाथ का विभिन्न तीर्थों के जल और फलों के रस से अभिषेक किया। साथ ही बाबा स्त्रामदास महाराज के समाधि स्थल को फूलों से सजाकर लड्डुओं का भोग लगाया और समाधि स्थल की पूजा कर आरती की।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जयपुर। मुरलीपुरा थाना इलाके में एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। महिला बेडशीट के फंदे से कमरे में लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कांवटिया अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज के लिए परेशान और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए थाने में दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है। थानाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी वंदना यादव (25) ने आत्महत्या की है। जून-2018 में वंदना की शादी राजेश के साथ हुई थी। राजेश परिवार के साथ दाधिची नगर मुरलीपुरा में रहता है। 9 जून को राजेश और परिवार के सदस्य अपने-अपने काम पर गए थे। देर शाम वंदना ने कमरे में बेडशीट का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। रात करीब 8 बजे परिवार वालों के लौटने पर कमरे में वंदना का शव फंदे से लटका मिला।आत्महत्या की सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी मे भिजवाया। पुलिस ने मृतका के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इनकार किया है। मृतका के भाई चंदन यादव ने पति राजेश व ससुरालवालों के खिलाफ दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है।

प्रदेश में पल्स पोलियो अभियान 30 को

जयपुर। प्रदेश में आगामी 23 जून को आयोजित होने वाला राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान अब 30 जून को संचालित किया जायेगा। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने अपनी स्वीकृति दे दी है। मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि प्रदेश में तेज गर्मी के मौसम और 23 जून को उच्च चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश की पीजी-नीट प्रवेश परीक्षा होने के कारण से यह जनहितकारी निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण प्रदेश में 30 जून रविवार को जन्म से 5 वर्ष तक के एक करोड़ से अधिक बच्चों को पल्स पोलियो प्रतिरक्षण दवा पिलाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।चिकित्सा मंत्री और विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव द्वारा चिकित्सकों के संगठन अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ 'अरिस्दा' की मांग को सहृदय स्वीकार कर शीघ्र केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से चर्चा उपरांत पल्स पोलियो अभियान की नवीन दिनांक निर्धारित करने पर आभार व्यक्त किया है।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

जयपुर। मुहाना थाना इलाके में शादी का झांसा देकर एक महिला से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी 30 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया कि झगड़े के कारण पति को छोड़कर वह अलग रहकर जॉब करती है। साल-2021 में उसकी मुलाकात रविकांत शर्मा से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। शादी करने का ऑफर कर हर संभव मदद के लिए कहा। आरोप है कि घुमाने का बहाना बनाकर वह एक होटल में ले गया। नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर आरोपी ने दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाए। होश आने पर विरोध करने पर शादी करने का वादा किया। शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालने लगा। शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी दी। ब्लैकमेल व शादी के धोखे में रखकर लगातार दुष्कर्म करने लगा। इस दौरान दूसरी गर्लफ्रेंड के मोबाइल पर कॉल करने पर पीड़िता से बात हुई। गर्लफ्रेंड के बारे में पूछने पर आरोपी ने मारपीट कर शादी करने से मना कर दिया।

जल जीवन मिशन घोटाले में पूर्व मंत्री से हो सकती है पूछताछ

जयपुर। जल जीवन मिशन (जेजेएम) भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जल्द एक बड़ा एक्शन करने वाली हैं। मामले में ईडी ने पीएचईडी ठेकेदार और मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवेल के संचालक पदमचंद जैन को रिमांड पर ले रखा है। रिमांड के दौरान जैन ने ईडी को कई जानकारी दी है। सूत्रो के अनुसार जल्द पूर्व मंत्री महेश जोशी को जयपुर ईडी मुख्यालय बुलाकर पूछताछ हो सकती है।

इसे लेकर ईडी मुख्यालय ने तैयारी करना शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि ईडी इस मामले में सोमवार को एसीबी की ओर से गिरफ्तार किए गए लोगों को भी दोबारा पूछताछ करने के लिए बुला सकती है। गौरतलब है कि राजस्थान विभाग में अलवर के बहरोड़ में पोस्टेड एक्सईएन मायालाल सैनी, नीमराणा में पोस्टेड जेईएन प्रदीप के साथ रिश्वत देने वाले ठेकेदार पदमचंद जैन और कंपनी के सुपरवाइजर मलकेत सिंह को एसीबी टीम ने 7 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इनके साथ एक दलाल प्रवीण कुमार को भी पकड़ा गया था। एसीबी ने इनके पास से 2.90 लाख रुपए कैश जब्त किया था। सभी बहरोड़ से जयपुर के होटल पोलो विक्ट्री पहुंचे हुए थे। घूस का पैसा लेकर जाने लगे तो पीछा कर चौमूं पुलिया के पास घेर कर पकड़ लिया। कार में बैठे बहरोड़ एईएन राकेश चौहान की भूमिका सामने आने के बाद उसे भी गिरफ्तार किया गया था। ठेकेदार पदमचंद जैन की फर्म श्याम ट्यूबवेल कंपनी है और महेश मित्तल की फर्म गणपति ट्यूबवेल है। पदमचंद जैन और महेश मित्तल आपस में जीजा-साला हैं। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र लगा कर दोनों कंपनियों पर जयपुर रीजन प्रथम व द्वितीय के इंजीनियरों सेमिलीभगत कर 900 करोड़ के टेंडर लेने का आरोप है। सितम्बर-2023 में एसीबी ने फर्जी प्रमाण पत्र बनाकर टेंडर हासिल करने के आरोप में श्याम ट्यूबवेल, गणपति ट्यूबवेल के खिलाफ दर्ज की थी। इस मामले में तत्कालीन सांसद किरोड़ी लाल मीना ने 20 हजार करोड़ रुपए के फर्जीवाड़े के आरोप लगा कर सनसनी मचा दी थी।इसी मामले को लेकर ईडी ने 17 जनवरी को राजस्थान में 8 जगहों पर छापे मारने की कार्रवाई की थी। पदमचंद जैन की 11.42 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने जब्त की थी। ईडी ने कार्रवाई कर 29 फरवरी को पदमचंद जैन के बेटे पीयूष जैन को अरेस्ट किया था। पूछताछ के बाद पीयूष को जेल भेज दिया गया था। पदमचंद जैन पर आरोप है कि जेजेएम योजना के टेंडर प्राप्त करने के लिए काम पूरे होने के फर्जी सर्टिफिकेट लगाए। हरियाणा से चोरी किए गए सामान को भी नया बता कर योजना के काम में लगाया गया।

ईद-उल-जुहा पर यातायात की विशेष व्यवस्था

जयपुर। राजधानी में को ईद-उल-जुहा त्यौहार पर नमाज के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था रहेगी। आदेश के अनुसार दिल्ली से जयपुर की तरफ आने वाले भारी वाहन बसों को चन्दवाजी से एक्सप्रेस हाईवे होकर डायवर्ट किया जावेगा। वहीं आमेर कुण्डा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को सडवा मोड से जमवारामगढ रोड पर डायवर्ट किया जावेगा। आगरा की तरफ से आने वाले भारी वाहनों को रिंग रोड आगरा रोड पर डायवर्ट किया जावेगा। दिल्ली की तरफ से आने वाली रोडवेज की बसें चन्दवाजी से होकर कलेक्ट्री सर्किल, खासाकोठी, सिन्धी कैम्प आ सकेगी।

मंदिर ठिकाना गलता ट्रस्ट पूर्व की तरह बैंक खाता संचालित करे : हाईकोर्ट

- आईसीआईसीआई बैंक पर 50,000 रुपए हर्जाना

जयपुर, (का.सं.)। राज्य उपभोक्ता आयोग, जयपुर ने मंदिर ठिकाना गलता ट्रस्ट को राहत देते हुए आईसीआईसीआई बैंक को निर्देश दिया है कि वह ट्रस्ट के खाते से डेबिट फ्रीज तुरंत हटा दें और ट्रस्ट को पूर्व की तरह खाते का संचालन करने दें। वहीं विपक्षी बैंक की ओर से ट्रस्ट को खाते संचालन नहीं करने को सेवादोष करार देते हुए बैंक पर 50 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है।

आयोग ने यह आदेश मंदिर ठिकाना गलता ट्रस्ट के एकल प्रन्यासी एवं महंत अवधेश कुमार मिश्रा की अपील पर दिया। राज्य उपभोक्ता आयोग ने अपने निर्णय में कहा कि जिला उपभोक्ता आयोग को केवल यह देखना था कि खाताधारक बैंक का उपभोक्ता है या नहीं। वहीं क्या किसी ट्रस्टी के पक्षकार की आपत्ति पर बैंक को किसी खाताधारक उपभोक्ता के खाते को डेबिट फ्रीज करने का अधिकार है या नहीं, लेकिन जिला आयोग ने ट्रस्ट के स्वामित्व का मुद्दा बताते हुए इसमें दखल देने से ही मना कर दिया। अपील में जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-तृतीय के 31 अगस्त 2023 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें इस मामले में यह कहते हुए दखल से मना कर दिया था कि यह जटिल है और ट्रस्ट के स्वामित्व से जुडा हुआ है।

ऐसे में सिविल कोर्ट ही साक्ष्यों व दस्तावेजों के आधार पर स्वामित्व का मुद्दा तय कर सकता है ना कि उपभोक्ता आयोग। दरअसल गलता ट्रस्ट के ट्रस्टी अवधेश मिश्रा व उनके बेटे ने आईसीआईसीआई बैंक में दस्तावेज पेश कर खाता खुलवाया था, लेकिन एक तृतीय पक्षकार सुरेश कुमार मिश्रा ने खुद को ट्रस्ट का कोषाध्यक्ष बताते हुए ट्रस्ट के बैंक खाते पर आपत्ति कर दी और इसके चलते विपक्षी बैंक ने खाते को डेबिट फ्रीज कर दिया। विपक्षी बैंक की इस कार्रवाई को ट्रस्ट ने जिला उपभोक्ता आयोग में चुनौती दी थी।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों में जुटा आयुर्वेद विभाग व जिला प्रशासन

21 जून को सवाई मानसिंह स्टेडियम में होगा आयोजन

जयपुर, (का.सं.)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संपूर्ण प्रदेश में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राज्य स्तरीय आयोजन होगा। वहीं, जिला मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों एवं पंचायत समिति मुख्यालयों पर भी 21 जून को प्रातः 7 से 8 बजे तक योगाभ्यास किया जाएगा।

राज्य स्तरीय समारोह के सफल आयोजन के लिए शनिवार को कलक्टर सभागार में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन समितियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में निदेशक ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए समिति प्रभारियों को दिशा निर्देश प्रदान किये। साथ ही योग स्थल पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए 8 टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में 5 सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

बैठक में अतिरिक्त निदेशक एवं राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी जयपुर संभाग डॉ. सीतेश्वर प्रसाद भारद्वाज, मुख्य कार्यकारी अधिकारी औषध पादप मण्डल डॉ. बत्तीलाल बैरवा, सहायक निदेशक डॉ. समय सिंह एवं डॉ. दिनेश कुमार शर्मा, रजिस्ट्रार इंडियन मेडिसिन बोर्ड डॉ. कमल चन्द शर्मा, उपनिदेशक कैम्प कार्यालय डॉ. घनश्याम मीणा, सहायक निदेशक डॉ. रमेश मीणा एवं डॉ. जगदीश प्रसाद बैरवा, उपनिदेशक जयपुर व डॉ. कैलाश चन्द शर्मा, सहायक निदेशक डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी एवं अन्य समितियों के प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

कलक्टर सभागार में आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजन समितियों की बैठक आयोजित हुई।